Serving Education for Last 40 Years

**NEERAJ®**

# भारत का इतिहास-III

## (लगभग 750–1206 सी.ई.)

## [History of India–III (750-1206 CE)]

# BHIC-105

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Anjali Gupta*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Mob.: 8510009872, 8510009878 E-mail: info@neerajbooks.com
Website: www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com     Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publisher only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *Neither the Publisher nor the Author have any Intention to Disrespect any Caste , Religion, Gender or Section of the Society but still if any Reader or Student by any Chance find any kind of Inappropriate Content , Matter or Point Printed in this book which He / She feels may be Inappropriate or Disrespectful to any Caste, Religion, Gender or Section of the Society, then He / She is Requested to Please bring it to the Knowledge of the Publisher and that Content / Matter / Point shall be Checked & Rectified in the Coming Edition. As Our company always feels that all the People in our Society are Equal and all the Caste, Religion, Gender or Section of the Society should be given full Respect.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
7. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, e-Bay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
8. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publisher.*
9. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
10. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

*Content*

# भारत का इतिहास-III (लगभग 750-1206 सी.ई.)

## [History of India–III (750-1206 CE)]


Question Paper–June-2024 (Solved) ........ 1

Question Paper–December-2023 (Solved) ........ 1

Question Paper–June-2023 (Solved) ........ 1

Question Paper–December-2022 (Solved) ........ 1-2

Question Paper–Exam Held in July-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper–Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1

Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1


| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


1. ऐतिहासिक स्रोत ........ 1
( Historical Sources )

2. राजनीतिक परिदृश्य-I-राजपूत : उदय और सत्ता के लिए संघर्ष ........ 9
( The Political Scenario I-Rajputs; Rise and Struggle to Power )

3. राजनीतिक परिदृश्य-II-राष्ट्रकूट व पाल ........ 16
( The Political Scenario-II-Rashtrakutas and Palas )

4. राजनीतिक परिदृश्य-III-चोल व चालुक्य ........ 27
( The Political Scenario-III-Cholas and Chalukyas )

5. कला और वास्तुकला : उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत ........ 36
( Art and Architecture: North India and South India )

6. अरबों की सिंध पर विजय, तुर्की आक्रमण, ........ 48
महमूद गज़नी और मोहम्मद गौरी
( Arab Conquest of Sindh, Turkish Invasions,
Mahmud Ghazni and Muhammad Ghouri )

7. अरब और तुर्की आक्रमणों का सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी प्रभाव ........ 61
( Social, Cultural and Technological impacts :
Arab and Turkish Invasions )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


8. समाज, अर्थव्यवस्था, राज्य-व्यवस्था और संस्कृति : पूर्व और उत्तर-पूर्व भारत ........ 68
( Society, Economy, Polity and Culture: East and North-East India )

9. दक्षिण-पूर्व एशिया में राजनैतिक और सांस्कृतिक विस्तार ........ 72
( Political and Cultural Expansion in South East Asia )

10. कृषि, भू-स्वामी, कृषक और जनजाति : सामंतवाद विवाद ........ 79
( Agriculture, Landlord, Peasants and Tribals: The Feudalism Debate )

11. जाति, लिंग और व्यवसाय ........ 90
( Castes, Gender and Professions )

12. व्यापार, व्यापार मार्ग और समुद्री व्यापार ........ 99
( Trade, Trade Routes and Maritime Trade )

13. वणिक श्रेणियाँ और उत्तर व दक्षिण भारत में शहरीकरण ........ 108
( Merchant Guilds and Urbanization in North India and South India )

14. धर्म का विकास ........ 118
( Developments in Religion )

15. शिक्षा, बौद्धिक परंपराएँ, विचार-विमर्श एवं दर्शन ........ 128
( Education, Intellectual Traditions, Interactions and Philosophy )

16. भाषाएँ और साहित्य ........ 134
( Languages and Literature )

17. विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण ........ 141
( Science, Technology and Environment )


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2024*

*(Solved)*

## भारत का इतिहास-III (लगभग 750-1206 सी.ई.) BHIC-105

## [History of India–III (750-1206 CE)]

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं **पांच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**भाग-I**

**प्रश्न 1. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल के इतिहास के पुनर्निर्माण में जीवनियों और चरित्रों के महत्व का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'जीवन वृत्तांत या चरित'

**प्रश्न 2. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में वंश आधारित राज्य और सामंती राजव्यवस्था की विशेषताओं का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-2, पृष्ठ-10, 'वंशात्मक राज्य एवं सामंतीय राजनीति'

**प्रश्न 3. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल की मंदिर वास्तुकला पर एक नोट लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-5, पृष्ठ-36, 'मंदिर स्थापत्य'

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए**

**(क) सिंध पर विजय**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-6, पृष्ठ-49, 'सिंध पर विजय'

**(ख) प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में मूर्तिकला**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-5, पृष्ठ-40, 'मूर्तिकला, पत्थर और धातु की मूर्तियां'

**(ग) चचनामा**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-6, पृष्ठ-48, 'चचनामा'

**(घ) उर व नाडु**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-4, पृष्ठ-27, 'स्थानीय प्रशासन : उर एवं नाडु'

**भाग-II**

**प्रश्न 5. प्रारंभिक मध्ययुगीन भारतीय इतिहास में सामंतवादी बहस का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-10, पृष्ठ-83, प्रश्न 3

**प्रश्न 6. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में विज्ञान व तकनीकी पर एक नोट लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-17, पृष्ठ-141, 'प्रारंभिक मध्यकाल में विज्ञान और शिक्षा', पृष्ठ-142, 'प्रौद्योगिकी'

**प्रश्न 7. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में क्षेत्रीय भाषाओं के उदय की सामाजिक पृष्ठभूमि पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-16, पृष्ठ-136, प्रश्न 3

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:**

**(क) नयनार व अलवार**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-14, पृष्ठ-119, 'प्रसिद्ध भक्ति आंदोलन नयनारों और आलवारों की भक्ति (600-1000 सी.ई.)'

**(ख) सिंचाई तकनीकी**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-17, पृष्ठ-142, 'सिंचाई प्रौद्योगिकी', पृष्ठ-147, प्रश्न 6

**(ग) वीर शैववाद**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-14, पृष्ठ-120, 'वीर शैववाद'

**(घ) तीसरा शहरीकरण**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-13, पृष्ठ-108, 'तीसरा शहरीकरण'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2023*

*(Solved)*

## भारत का इतिहास-III (लगभग 750-1206 सी.ई.) BHIC-105

## [History of India–III (750-1206 CE)]

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** किन्हीं **पांच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**भाग-I**

**प्रश्न 1. राष्ट्रकूट प्रशासन के स्वरूप की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-3, पृष्ठ-17, 'राष्ट्रकूट प्रशासन'

**प्रश्न 2. पूर्व मध्यकालीन भारत के इतिहास लेखन में अभिलेखों के महत्व पर एक लेख लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-1, पृष्ठ-4, प्रश्न 2, पृष्ठ-7, 'अभिलेख'

**प्रश्न 3. ब्रह्मदेय और नगरम् पर एक लेख लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-4, पृष्ठ-28, 'ब्रह्मदेय एवं नगरम्', पृष्ठ-30, प्रश्न 4 एवं प्रश्न 5

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए**

**(क) उर और नाडु**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-4, पृष्ठ-27, 'स्थानीय प्रशासन : उर एवं नाडु'

**(ख) मंदिर स्थापत्यकला**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-5, पृष्ठ-36, 'मंदिर स्थापत्य'

**(ग) तराइन के युद्ध का महत्व**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-6, पृष्ठ-52, 'तराइन युद्ध (1191 और 1192 सी.ई.)

**(घ) पाल राजव्यवस्था**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-3, पृष्ठ-17, 'पाल'

**भाग-II**

**प्रश्न 5. शक्ति पंथ के महत्व की संक्षेप में चर्चा कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-15, पृष्ठ-129, 'शक्ति पंथ और नारीत्व सिद्धांत का आयोजन', पृष्ठ-131, प्रश्न 4

**प्रश्न 6. श्रीविजय राज्य पर चोलों के आक्रमण के महत्व की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-9, पृष्ठ-73, 'चोल-नौसेना अभियान और श्रीविजय पर आक्रमण', पृष्ठ-75, प्रश्न 3

**प्रश्न 7. पूर्व मध्यकाल भारत में नई सामाजिक व्यवस्था पर एक लेख लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-11, पृष्ठ-91, 'नई सामाजिक व्यवस्था'

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए**

**(क) शहरीकरण ह्रास पर बहस**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-12, पृष्ठ-102, प्रश्न 2

**(ख) श्रेणियाँ**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-13, पृष्ठ-110, 'श्रेणियां'

**(ग) तमिल और कन्नड़ साहित्य**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-16, पृष्ठ-135, 'तमिल', 'कन्नड़'

**(घ) उत्तर भारत में भक्ति**

**उत्तर** रामानन्द जी उत्तर भारत में रामभक्ति को लेकर आए थे। उनके सिद्धान्तों में इस भक्ति का स्वरूप दो प्रकार का था राम का निर्गुण रूप; राम का अवतारी रूप। ये दोनों मत एक साथ ही थे। निर्गुण रूप में राम का नाम तो होता पर उसे 'दशरथ-सुत' की कथा से सम्बद्ध नहीं किया जाता। रामानन्द ने देखा कि भगवान की शरण में आने के उपरान्त छूआ-छूत, जाँत-पाँत आदि का कोई बन्धन नहीं रह जाता अत: संस्कृत के पण्डित और उच्च ब्राह्मण कुलोद्भूत होने के पश्चात भी उन्होंने देश-भाषा में कविता लिखी और सबको राम-नाम का उपदेश दिया। कबीर इन्हीं के शिष्य थे। कबीर, रैदास, धन्ना, सेना, पीपा आदि इनके शिष्यों ने इस मत को प्रसिद्ध किया। रामनाम के मंत्र को लेकर चलने वाले अक्खड़-फक्कड़ संतों ने भेद-भाव भुलाकर सबको प्रेमपूर्वक गले लगाने की बात कही। वैदिक कर्मकाण्ड के द्वारा फैले हुए आडंबरों एवं बाह्य विधि-विधानों के त्याग पर बल देते हुए राम नाम का प्रेम, श्रद्धा से स्मरण करने की सरल पद्धति और सहज समाधि का प्रसार किया। कबीर में तीन प्रमुख धाराएँ समाहित दिखाई देती हैं

1. उत्तरपूर्व के नाथपंथ और सहजयान का मिश्रित रूप
2. पश्चिम का सूफी मतवाद और
3. दक्षिण का वेदान्तभावित वैष्णवधर्म

कबीर की मृत्यु के कुछ समय बाद इसमें भी सम्प्रदाय की स्थापना हो गई। अन्य शाखाओं के समान इसका महत्त्व भी भक्तिकाल को पूर्ण बनाने में है।

उत्तर भारत में संत, सूफी, राम और कृष्ण भक्ति की शाखाएँ भक्तिकाल या मध्यकाल के पूर्व भाग में अपने उत्कर्ष में थीं। इन चारों ही शाखाओं ने हिन्दी साहित्य को बड़े-बड़े व्यक्तित्व प्रदान किए, जैसे सूर, तुलसी, कबीर आदि। भक्तिकाल में हर प्रकार से कला समृद्धि हुई, नवीन वातावरण का जन्म हुआ, जन-जन में भक्ति, प्रेम और श्रद्धा के स्रोत फूट पड़े, ऐसा काल वस्तुत: साहित्येतिहास का 'स्वर्णकाल' कहलाने योग्य है।

■■

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# भारत का इतिहास–III
## ( लगभग 750–1206 सी.ई. )
## [History of India–III (750-1206 CE)]

## ऐतिहासिक स्रोत
**( Historical Sources )**

**1**

### परिचय

प्राचीन भारत के स्रोतों के समान प्रारंभिक मध्ययुगीन स्रोतों को भी दो भागों में बाँटा जा सकता है–साहित्यिक और पुरातात्त्विक। चीनी तीर्थयात्रियों ने भी इस विषय में लिखा है। इस अवधि में इस्लामिक लेखन को प्रोत्साहन मिला। प्रस्तुत इकाई में 8वीं और 13वीं शताब्दी के आरंभिक इतिहास के पुनर्निर्माण में प्रयोग किये जाने वाले स्रोतों का वर्णन किया जा सकता है। इस अवधि में लेखन की अनेक नई विधाएं प्रचलित थीं, जैसे–वंशावली, चरित एवं प्रशस्ति आदि। राजतरंगिणी के अतिरिक्त इनमें से ज्यादातर को इतिहास लेखन के रूप में दर्शाया नहीं जा सकता है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से आवश्यक जानकारी के लिए प्रमुख स्रोतों का इस्तेमाल किया गया है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### जीवन-वृत्तांत या चरित

उत्तर गुप्तकाल में इतिहास लेखन-चरित, प्रशस्ति व वंशावलियों में वर्णित है। चरित शब्द का अर्थ है जीवन में किया जाने वाला आचरण या कार्यकलाप। मुख्य रूप से चरित काव्य रूप में लिखे गए, जिनमें सबसे ज्यादा प्रचलित राजा हर्षवर्धन के विषय में बाणभट्ट द्वारा रचित 'हर्षचरित' है। इसमें उनके शासन और वीरता के विषय में लिखा गया है। प्रसिद्ध इतिहासकार रोमिला थापर के अनुसार, "चरित लेखन ऐतिहासिक लेखन की बहुत महत्त्वपूर्ण विधा नहीं है, परंतु फिर भी यह एक विशेष महत्त्व रखती है।" ऐतिहासिक संदर्भ में जीवनी, आधिकारिक शिलालेख और राजवंशी कालक्रम की रचना की गई थी, परंतु पहली सहस्राब्दी में शासकों को ऐसे दरबारियों की आवश्यकता थी, जो उनके जीवन के विषय में तथा उनकी उपलब्धियों को लिखकर उन्हें इतिहास में स्थान प्राप्त करवा सकें। चरित और शिलालेख पर यह कार्य किया गया। इसमें उस काल में हुए परिवर्तनों को दर्शाया गया है। पुराणों में इस विषय पर इसका बहुत कम वर्णन मिलता है, परंतु चरित व शिलालेख यह कमी पूरा करते हैं। रामचरित लगभग 1050 और 1150 सी.ई. के बीच पाल साम्राज्य के दौरान संध्याकरनंदिन द्वारा लिखा गया एक संस्कृत महाकाव्य है। यह कृति पाल राजा रामपाल की कहानी का वर्णन करती है। काव्य में शासक के राज्यकाल में हुई ऐतिहासिक घटनाओं का विवरण दिया गया है। रामचरित महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें एक राजा द्वारा अपने दरबारियों से संबंधित राजनैतिक क्रियाकलापों का वर्णन किया गया है। इसमें मालवा के राजा सिंधुराज नवसहसंक का शशिप्रभा नामक राजकुमारी के विवाह का घटनाक्रम संकलित है। नवसहसंकारिता पद्मगुप्त द्वारा रचित एक अर्ध-ऐतिहासिक रचना है। इसी प्रकार बिल्हन द्वारा विक्रमणदेवचरित में चालुक्य राजा विक्रमादित्य VI, हेमचंद्र की कुमारपालचरित राजा कुमारपाल की जीवनी से संबंधित है। यह संस्कृत तथा प्राकृत भाषा में रचित व्याकरण संबंधी नियमों का चित्रण करती है।

#### शिलालेख

प्रारंभिक भारत में शिलालेख के निम्न प्रकार होते थे; जैसे-राजशाही आदेश, मुराद पूरी होने पर उपहार भेंट तथा, जीवनी दर्शाता हुआ शिलालेख तथा भूमि अधिग्रहण संबंधी कानूनी नियम आदि। शिलालेखों का प्रमुख उद्देश्य प्रजा को प्रशासनिक, राजनैतिक, धार्मिक तथा संप्रदाय संबंधी जानकारी देना था। ये सभी शिलालेख ऐतिहासिक परिवर्तन के साक्ष्य होते थे। शिलालेखों को सार्वजनिक स्थल-मंदिर या तांबे की दीवारों पर उकेरा गया था। ये शिलालेख एक तरह से किसी परिवार विशेष की संपत्ति नहीं थे। इन शिलालेखों में सामंत, कायस्थ, ब्राह्मण व अन्य श्रेष्ठ वर्गों का उल्लेख किया गया था। सातवीं शताब्दी के शिलालेख अत्यंत

महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुए, क्योंकि वे किसी शासक विशेष की प्रशस्ति के विषय में हुआ करते थे। इनमें शासक की उपलब्धियों के साथ-साथ उसकी धार्मिक, वंशावली तथा पदवी का वर्णन किया जाता था। इन शिलालेखों में अनुदानों का भी उल्लेख किया जाता था। मुख्यत: भूमि का, जिसके कारण ब्राह्मणों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो गई थी। इस कारणवश उनका राजनैतिक कद और बढ़ गया तथा ब्राह्मणवाद को बढ़ावा मिला। पूर्वकाल से गुप्तकाल के बीच में राज्यों में जो भी आर्थिक बदलाव आए। उन्हें ब्राह्मणों का वर्चस्व परिणामी परिवर्तन के रूप में देखा जा सकता है। छठी शताब्दी सी.ई. में इन शिलालेखों का महत्त्वपूर्ण कार्य आधिकारिक बयान व घटनाओं का वर्णन करने में किया जाता था। आधिकारिक राजसी शिलालेखों में राजकीय, शासकीय, आदेश, घोषणाएँ व नियमों का उल्लेख हुआ करता था।

इन राजसी शिलालेखों का महत्त्व इसलिए भी बढ़ जाता था, क्योंकि ये आने वाली वंशावलियों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करते थे। इनकी प्रमाणिकता सिद्ध करने के लिए इनमें शाही मुहर भी लगी होती थी। पूर्व गुप्तकालीन शिलालेखों को प्राकृत से संस्कृत भाषा में लिखा जाने लगा, क्योंकि उस युग में संस्कृत आम बोलचाल की भाषा थी। प्राकृत एक जन सामुदायिक भाषा थी, जबकि संस्कृत प्रशासनिक साहित्यिक भाषा बन चुकी थी। प्रारंभिक मध्ययुगीन शिलालेख कुछ बहस के मुद्दों के विषय में ज्ञान देते हैं; जैसे-भूमि अनुदान, आर्थिक पुनर्निर्माण तथा समाज, शिल्पकारों की स्थिति, फसलों, जमींदारों, किसानों, राजसी लोगों की जीवनशैली आदि। वास्तव में शिलालेख उन विषयों पर भी प्रकाश डालते हैं, जिन पर इतिहास पूर्ण ज्ञान नहीं देता। शाही शिलालेख केवल राजसी जीवन नहीं वरन् सामान्य कृषि वर्ग के बारे में भी काफी कुछ बतलाते हैं। ब्राह्मण की पूँजी विस्तार संबंधी ज्ञान भी देते हैं। प्रारंभिक मध्ययुगीन राजवंश में चंदेल शासकों का उल्लेख है जोकि नौवीं शताब्दी से तेरहवीं शताब्दी तक रहा। इसमें उनके राजनैतिक, कूटनीतिक संबंधों का उल्लेख किया गया। इन शिलालेखों में साम्राज्य का स्थापित होना व कायस्थों के उत्थान को मुख्य रूप से वर्णित किया गया है।

## मंदिर

उत्तर गुप्तकाल में मंदिरों का काफी तेजी से निर्माण हुआ था। इसमें चोल राजाओं का काफी योगदान रहा। इन मंदिरों में राजाओं की विजय संबंधी, धार्मिक विचारों और राज्य संबंधी विकास आदि को दर्शाया गया था। इस तरह की धारणा थी कि जितना भव्य मंदिर किसी भी वंश ने निर्मित कराया, वह उतना ही शक्तिशाली व समृद्ध माना जाएगा। अत: मंदिरों को काफी भव्य व सुदृढ़ बनाया जाता था। धीरे-धीरे इनमें मंडप, गुम्बजदार इमारतों, गोपुरम, मीनारों आदि का प्रयोग किया जाता था। ये मंदिर काफी महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि इतिहास में यदि किसी काल विशेष के विषय में अध्ययन करना हो तो इन मंदिरों का समावेश अवश्य करना चाहिए, क्योंकि ये उस काल की धार्मिक, प्रशासनिक और आर्थिक इतिहास का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं।

## मौखिक परंपरा : एक स्रोत

यह परंपरा बहुत ज्यादा विश्वसनीय नहीं है, क्योंकि यह मुख्यत: एक गायन शैली पर निर्भर करती है, जिसे भाट परंपरा भी कहा जाता है। इन मौखिक परंपराओं में मुख्यत: चंदबरदाई द्वारा चौहान राजपूतों पर लिखित महाकाव्य पृथ्वीराज रासो को दर्शाया जा सकता है। जगनिक राव द्वारा रचित अल्हारासो, दूसरी प्रमुख रचना है, जिसमें चौहान और चंदेलों की विजय गाथा का वर्णन किया गया है।

## पुराण

पुराण का शाब्दिक अर्थ है प्राचीन आख्यान या पुरानी कथा। पुराणों में वैदिक काल के ग्रंथों, पाप-पुण्य, धर्म, अधर्म, कर्म की कथाएँ कही गई हैं। प्रत्येक में पाँच लक्षण माने गए हैं। ये हैं-सर्ग, प्रतिसर्ग, मन्वंतर, वंश और वंशानुचरित। इनमें राजा की वंशावलियों का भी वर्णन किया गया है। बाद में जाति पुराण और गैर-ब्राह्मणवादी पुराण भी प्रस्तुत किये गए।

## धर्मशास्त्र/विधिसम्मत किताबें

धर्मशास्त्र व्यक्तिगत आचरण, राजा एवं प्रजा के कर्त्तव्य आदि का विधान है-चतुर्विंशतिमाता। इसमें 24 धर्मशास्त्र ज्ञाताओं की शिक्षाओं को संकलित किया गया है। इनमें मेदतिथि, गोविंदराजा, मनुस्मृति पर कुटलूका, टिप्पड़ी, विघ्नेश्वर और अपरारका की याज्ञवल्क्यस्मृति पर टीकाएं प्रमुख हैं जो कि (9वीं से 12वीं शताब्दी) तक लिखी गई हैं। इनमें लक्ष्मीधर की कृत्यकल्पतरु और देवभट्ट की श्रीचंद्रिका भी शामिल हैं।

## कविताएँ, गीत और अन्य साहित्यिक स्रोत

इनमें प्रमुखतया तमिल ग्रंथ आलवार, नयनार और नंदिक्क्रलांबकम हैं। कन्नड़ भाषा की कृतियाँ, जो जैन धर्म के संदर्भ में राजवंशों का प्रशंसात्मक वृत्तांत हैं। संस्कृत, प्राकृत, गुजराती, बांगला में लिखित ग्रंथ की भी रचना की हैं। गणितासारसंग्रह और लीलावती प्रमुख ग्रंथ हैं।

## चीनी लेख

जुआनजंग और यीजिंग मुख्यत: भारत में धार्मिक यात्रा के उद्देश्य से आए थे। प्रमुख रूप से ये दोनो चीनी यानी मुख्यत: भारत में बौद्ध धर्म का अध्ययन करने के लिये आए थे।

## समीक्षाएँ/टिप्पणियाँ

प्रथम सहस्राब्दी के मध्य में कई धर्म वैधानिक व गैर-धर्म वैधानिक धर्मग्रंथ लिखे गए, जिन पर टीका-टिप्पणी भी की गई। मूलग्रंथों की रचना पाली भाषा में की गई, परंतु महासंघिकाओं ने संस्कृत भाषा का चयन किया। थेरवाद पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए श्रीलंकावासी विद्वान बुद्धघोष ने विशुद्धिमग्ग,

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



सामंतपसदिका और सुमंगलाविलासिनी की रचना की। इसके बाद महावंश, दथवंश और थुपवंश पर भी व्याख्यात्मक निबंध लिखे गए हैं। राजाओं और शाही उत्तराधिकारियों की जीवनियां भी लिखी गई थीं। ये सभी कार्य उनके ऐतिहासिक, धार्मिक व सांप्रदायिक कार्यों से संबंधित थे।

## वंशावलियाँ या इतिवृत्त

कल्हण कृत राजतरंगिणी भारत का प्रथम ऐतिहासिक ग्रंथ माना जाता है और कल्हण को प्रथम भारतीय इतिहासकार। इसने इतिहास लेखन में आलोचनात्मक दृष्टिकोण का अवलम्बन किया, ऐतिहासिक तथ्यों की समीक्षा की और अपने निष्कर्ष जोड़ को लिपिबद्ध किया। कल्हण ने इस ग्रंथ की रचना 1148-49 में की। कल्हण के पिता चनपक कश्मीर राज्य के मंत्री थे। इस ऐतिहासिक ग्रंथ में प्राचीन काल से लेकर बारहवीं शताब्दी तक कश्मीर का इतिहास लिखा गया। इस ग्रंथ में वंशावली में दरबार, मंदिर तथा कुछ अवसर पर जाति का भी उल्लेख किया जाता है। इन्हें अलग-अलग नामों से भी संबोधित किया गया; जैसे–पीढ़ीयावली, बुरुंजी और मदालपंजी आदि। इसको लिखने में पुराण-नृपावली अभिलेखों व प्रशास्तियों की सहायता ली गई है। यह ग्रंथ आठ भागों में विभक्त है। कल्हण ने इसमें पक्षपात रहित होकर राजाओं के गुण व दोषों का उल्लेख किया है। कल्हण ने अपने ग्रंथ में संस्कृत भाषा का प्रयोग किया है। कल्हण की राजतरंगिणी में कुल आठ तरंग व लगभग 8000 श्लोक हैं। पहले के तीन तरंगों में कश्मीर के प्राचीन इतिहास की जानकारी मिलती है। चौथे से लेकर छठे तरंग में करकोटा एवं उत्पल वंश के इतिहास का वर्णन है। सातवें व आठवें तरंग में लोहार वंश का उल्लेख है। एक अन्य महत्त्वपूर्ण वंशावली चबा वंशावली उत्तरी भारत का एक राज्य है, जो लगभग 500 ई. से एक सही ढंग से प्रलेखित इतिहास को संरक्षित करता है। यह रावी नदी और चिनाब नदी के संरक्षण में एक राज्य है। इसका विवरण राजतरंगिणी में भी मिलता है। यह राज्य कश्मीर और पंजाब से मैदानी मार्ग से जुड़ा हुआ है। गद्दा चरवाहों के निवास को गदेरन कहा जाता है। चंबा का नामकरण शिलालेखों में लिखित चंपा या चंपका के नाम पर आधारित है। चंबा वंशावली में चंबा राजाओं का 17वीं शताब्दी तक का वर्णन किया गया है।

## इस्लामिक स्रोत

भारतीय इतिहास में 12वीं शताब्दी का अंत गौरी के उत्तर भारत पर विजय के संदर्भ में स्मरणीय है और उसी के बाद विदेशी शासकों का भारत में आवागमन शुरू हुआ। उन्होंने ही भारत में इतिहास लेखन की परंपरा का आरंभ किया था। अधिकतर इतिहास लेखन फारसी भाषा में किया गया था। तुर्क साम्राज्य के इतिहास के विषय में जो कुछ उपलब्ध है, वह सिर्फ घटनाओं का सरकारी पक्ष है, उसमें न कुछ नीतिगत और न ही तार्किक है। उसमें शासक की प्रशंसा ही ज्यादा है और शासन-प्रशासन संबंधी उल्लेख नगण्य है। उस समय के कुछ फारसी कार्य उल्लेखनीय हैं; जैसे कि मातला उस सादेन, सियासतनामा, अदबुल-हर्ब वास-शुजाअत है। इब्न बतूता, शिहबुद्दीन अल-उभरी ने बहुत अच्छे यात्रा वृत्तांत लिखे हैं। कुतुबुद्दीन ऐबक को मोहम्मद गौरी ने अपना उत्तराधिकारी बनाया था। इतिहास लेखक फख-ई-मुदाबीर के अनुसार ऐबक एक कर्मठ व वीर योग्य शासक था। उसके शासनकाल में शासन-प्रशासन सुचारु रूप से चलता था। उसका उद्देश्य तुर्की साम्राज्य को भारत में सुदृढ़ करना था। इतिहासकार ताजुल-मा-आसीर ने उनके शासन के विषय में लिखा है कि शेर व बकरी एक ही घाट पर पानी पीते थे। यह कुतुबुद्दीन ऐबक का दुर्भाग्य था कि वह अधिक दिनों तक जीवित न रह सका। ऐबक बहुत ही दानशील था। इसका जिक्र इतिहासकार मिन्हाज सिराज जुज़ानी ने अपनी रचना तबाकत-इ-नसीरी में किया था। लेखन हसन निज़ामी ने शासकीय संरक्षण की लालसा में ऐबक की उपलब्धियों का इतिहास लिखा। तराई के युद्ध का विवरण भी मिन्हाज ने किया है। मिन्हाज द्वारा लिखी 'तबाकत-इ-नसीरी' एक उल्लेखनीय रचना है। कुतुबुद्दीन ऐबक के बाद इल्तुतमिश ने शासन संभाला, परंतु वह भी कुछ विशेष नहीं कर पाया। इस पुस्तक में इल्तुतमिश के प्रतिद्वंद्वी शासक की प्रशंसा की गई है, जो एक तरह से इल्तुतमिश की आलोचना है।

## पुरातात्विक स्रोत

प्राचीन भारत के अध्ययन के लिए पुरातात्विक स्रोत का विशेष महत्त्व है। पुरातात्विक स्रोत ही वस्तुस्थिति का स्पष्ट वर्णन करते हैं। मुद्राएँ भी काफी प्रमाणिक तथ्य होते हैं, परंतु वे बहुत अधिक उपलब्ध नहीं हैं और जो साक्ष्य हैं, वे मिट्टी के बर्तन आदि हैं। भारत में बोधगया, भरहुत, सांची और अमरावती में कुछ मूर्तिकला के अवशेष मिले हैं। गंगा, यमुना के दोआब में कुछ मिट्टी के बर्तन मिले हैं। मथुरा जिले में मिले अवशेष पुनः निर्माण ध्वस्त होने की कथा कहते हैं। तमिलनाडु में भी पल्लवों के पुरातात्विक साक्ष्य मिले हैं। इसी प्रकार कर्नाटक में भी साक्ष्य मिले हैं। उत्तर प्रदेश में मिले साक्ष्य शहरी बस्तियों के उद्भव, निरंतरता, व्यापार आदि के साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. चरित साहित्य क्या है? प्रारंभिक युगीन काल इतिहास के पुनर्निर्माण में इसका क्या महत्त्व है? उदाहरणों की सहायता से समझाइए।**

**उत्तर**–संयत इच्छा से प्रेरित सदाचार का नाम ही चरित है। चरित इतिहास में कही जाने वाली जीवनी थी। चरित ऐतिहासिक जीवन-वृत्तांत थे। चरित का शाब्दिक अर्थ है, चलायमान करना व जाना जो मनुष्य के क्रियाकलापों से संबंधित है। चरित के अंतर्गत पुराण साहित्य के चरित शामिल किए गए हैं। वेद, पुराण, उपनिषद

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



और संस्कृत महाकात्यों के ये चरित आधुनिक भारतीय भाषाओं के साथ ही अन्य भाषाओं के साहित्य में भी अनेक रूपों में आए हैं। आधुनिक काल की अनेक रचनाओं में इनका पुनर्जन्म हुआ है। हर्षचरित में ऐतिहासिक विषय पर गद्य काव्य लिखे जाने का प्रथम प्रयास है। इस ऐतिहासिक काव्य की भाषा पूर्णत: कवित्वमय है। हर्षचरित तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों, सांस्कृतिक परिवेशों और धार्मिक मान्यताओं पर प्रकाश डालता है। ऐतिहासिक कथानक से संबंधित यह संस्कृत का सबसे प्राचीन ग्रंथ है। संध्याकरनंदिन द्वारा रचित ऐतिहासिक संस्कृत काव्य रामचरित में राजा रामपाल (लगभग 1075-1120 ई.) की उपलब्धियों का वर्णन है। रामपाल की शासन अवधि में ही कैवर्तों का विद्रोह हुआ था। पाल नरेशों ने साहित्य की उन्नति में काफी रुचि ली थी। देशी संस्कृत तथा बौद्ध साहित्य इस काल में बहुत विकसित हुए। पालवंश की स्थापना बौद्ध धर्म के अनुयायी गोपाल ने की थी। इस जीवनी में बताया गया है कि राजा रामपाल के बड़े भाई ने विद्रोह के संदेह में अपने छोटे भाइयों को बंदी बना लिया था। इस लेखन कार्य में अधिकार और वैधता पर जोर दिया गया है तथा शाही महत्त्वाकांक्षा का समर्थन किया गया है। यह चरित हमें रामपाल के वाराणसी के गहड़वाल ओड़िशा के पूर्वी गंगा, दक्कन के कर्नाटक और दक्षिण के चोल के विरुद्ध अभियानों की जानकारी देता है। रामचरित जैसे–चरित, अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि इसमें एक शासक और उसके प्रशासनिक अधिकारी के साथ राजनैतिक संबंधों में बदलाव को दर्शाया गया है।

**प्रश्न 2. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल के शिलालेखों की प्रकृति पर चर्चा कीजिए। यह एक महत्त्वपूर्ण स्रोत कैसे हैं?**

**उत्तर**–इस काल के शिलालेख संक्षिप्त जीवन वृत्तांत, भूमि पर अधिकारों, विशेष घटनाओं के अभिलेख, शासकों की वंशावलियों व प्रशस्तियों को उल्लेखित करते हैं। सरल भाषा में कहें तो शिलालेख राजकीय जीवन का लेखा-जोखा प्रकट करते हैं। शिलालेखों की स्थापना मुख्य दर्शनीय स्थलों पर होती थी; जैसे कि मंदिर या चौक की दीवारें आदि। इन शिलालेखों में किसी वंश विशेष के शासक द्वारा किये गए प्रशासनिक, धार्मिक, राजनैतिक घटनाओं का उल्लेख किया जाता था। ये शिलालेख अनुदानों की भी जानकारियाँ देते हैं। प्रारंभिक मध्ययुगीन शिलालेख कई विषयों में उपयोगी जानकारी देते हैं, जैसे-भूमि अनुदान, आर्थिक पुनर्निर्माण तथा समाज शिटपकारों व शिल्प की स्थिति, फसलों, सामंतों, भू-स्वामियों, राजाओं और रानियों के बारे में उपयोगी सिद्ध हुए हैं। इन शिलालेखों से महत्त्वपूर्ण आधिकारिक बयान व घटनाओं की जानकारी मिलती है। शिलालेखों से बयान जारी करने वाले व्यक्ति की वंशावली, इसका उद्देश्य और एक सटीक तारीख के बारे में पता चलता है। शिलालेखों के अध्ययन से राज्य के पूर्णरूप से उभरने से पूर्व की राजनैतिक प्रतिक्रियाओं को समझा जा सकता है।

**प्रश्न 3. 'वंशावली' शब्द का क्या अर्थ है? ऐतिहासिक स्रोत के रूप में राजतरंगिणी के महत्त्व की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**–किसी वंश के लोगों की कालक्रम में बनी हुई सूची को वंशावली कहते हैं। वंशावली में दरबार, मंदिर एवं यहाँ तक कि कुछ अवसर पर जाति पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। कल्हण द्वारा लिखित 'राजतरंगिणी' भारतीय इतिहास की कालक्रम के लिए अति महत्त्वपूर्ण पुस्तक है। इसमें विभिन्न राज्यों की वंशावलियों का विस्तृत वर्णन किया गया है। यह पुस्तक 12वीं शताब्दी में कल्हण द्वारा लिखी गई थी। इसके कुल 8 अध्याय हैं। इसमें प्राचीन समय से बारहवीं शताब्दी तक का कश्मीर का इतिहास है। राग-द्वेष-विनिमुक्त होकर तथ्यों की विवेचना करना ही लेखक का उद्देश्य था। यद्यपि इस ग्रंथ में कुछ काल्पनिक कथाओं का समावेश है, लेकिन सातवीं शताब्दी के पश्चात् का जो कश्मीरी इतिहास इस पुस्तक में है, वह पूर्ण रूप से विश्वसनीय है। यह ग्रंथ संस्कृत में ऐतिहासिक घटनाओं को लिखने का प्रथम प्रयास था। यह ग्रंथ आठ तरंगों में बँटा हुआ है। यह एक काव्य रचना है। कल्हण राजदरबारी चनपक के पुत्र थे। राजा की एक षड्यंत्र के दौरान मृत्यु कर दी गई। चनपक को कई वर्षों की सेवा के बाद भी कोई पद नहीं दिया गया, जिसका कारण शायद पिछले राजा के विश्वासपात्र को महत्त्व न देना हो। राजतरंगिणी के लेखक कल्हण का मुख्य उद्देश्य उस समय के कश्मीर का उचित व प्रामाणिक विवरण देना था, न कि राजा विशेष की प्रशंसा या अनुकम्पा प्राप्त करना।

**प्रश्न 4. प्रारंभिक मध्ययुगीन काल के इस्लामी स्रोतों के विषय में बताइए।**

**उत्तर**–पश्चिमी और मध्य एशिया की विजय के बाद गजनी ने भारत का रुख किया। भारत पर उसके आक्रमणों की शुरुआत 1000 ई. में हुई। महमूद के हमलों के बाद तुर्क आए। तेरहवीं शताब्दी तक तुर्कों ने उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों पर राज किया, फिर खिलजी और तुगलक जैसे ताकतवर राजवंश एक-एक कर आए। सोलहवीं शताब्दी की शुरुआत में मुगलों के आगमन से भारतीय इतिहास में एक नए युग की शुरुआत हुई। राजनीतिक एकीकरण और एक लंबे समय के बाद स्थिरता, आर्थिक प्रगति आई। तुर्कों और मुगलों के आगमन से संप्रभुता और शासन में नए विचार आए। दिल्ली के सुल्तानों और मुगलों ने प्रशासनिक व्यवस्था में कुछ नयी चीजें जोड़ीं; जैसे–राजस्व और भूमि लगान पर उनका नियंत्रण ज्यादा गहरा था, जोकि निचले स्तर (गाँव) तक जाता था। मुगलशाही व्यवस्था मनसबदारी और जागीदारी प्रणाली पर काम करती थी। धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में मध्यकाल में परंपराएँ आपस में बहुत घुली-मिली थीं। धर्म के क्षेत्र में भक्ति और सूफी आंदोलन इसकी मिसालें हैं। मध्यकाल में कला और वास्तुकला बहुत फली-फूली थी। मध्यकालीन भारत में सांस्कृतिक जीवन का

www.neerajbooks.com